हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

आग से खाक हुई फसलें और मवेशी, विधायक ईश्वर साहू ने ... 12



उपभोक्ताओं को राहत नहीं, गैस एजेंसियों के बाहर ... 10



## खबर संक्षेप

### धान चोरी का खुलासा एक आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** थाना परपोडी पुलिस ने धान चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए 38 कट्टा धान (करीब 15 क्विंटल) जिसकी कीमत लगभग 45 हजार रुपए बताई जा रही है, बरामद कर जप्त किया है। मामले के अनुसार, प्रार्थी रामखिलावन सेन (68 वर्ष), निवासी भटगांव थाना परपोडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 21 मार्च 2026 की शाम से 22 मार्च 2026 की सुबह के बीच अज्ञात चोर ने उनके कोठार (ब्यारा) के कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखे 105 कट्टा धान में से 38 कट्टा (प्रति कट्टा 40 किलो) चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम भटगांव निवासी प्रेमलाल उर्फ सुमित सेन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया पूरा धान बरामद कर लिया गया।
आरोपी प्रेमलाल उर्फ सुमित सेन (27 वर्ष), निवासी भटगांव को 29 मार्च 2026 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।
इस कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी सत्य प्रकाश उपाध्याय, उपनिरीक्षक पुरूषोत्तम कुलार्य सहित सायबर सेल एवं थाना स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

### रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2 से

**बेमेतरा।** प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 2 अप्रैल से नया खेल मैदान बारगांव में किया जा रहा है। यह आयोजन का चौथा वर्ष है। इस टूर्नामेंट में 32 टीमें हिस्सा लेंगी। वहीं प्रतियोगिता का समापन 15 अप्रैल को होगा। प्रथम आने वाली टीम को 25001 रुपए जनपद पंचायत बेरला के अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिहा द्वारा नकद, द्वितीय आने वाली टीम को 15001 रू पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा द्वारा, तृतीय टीम को 10001 रू जनपद पंचायत बेरला उपाध्यक्ष शुभम वर्मा व पूर्व जनपद अध्यक्ष हीरादेवी वर्मा द्वारा और चतुर्थ टीम को 5001 रू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला के अध्यक्ष सुमित राजपूत प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ आने वाली टीम को ट्रॉफी स्व. भारत लाल की स्मृति में सूरज तिवारी के द्वारा दिया जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मैच रात्रि में लाइट की रोशनी में होंगे। प्रति टीम एंट्री फीस 1601 रू निर्धारित की गई है। प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच कप बलकार सिंह व मैन ऑफ द सीरिज मोक्ष मेडिकल स्टोर्स के संचालक मनोज साहू द्वारा रेंजर साइकिल दिया जाएगा। प्रत्येक मैच 8 ओवर व फाइनल मैच 10 ओवर का खेला जाएगा। उक्त आयोजन की तैयारी में उपसरपंच टिकेश वर्मा, विनय वर्मा, सुरेश निषाद, उमंग वर्मा, देवलाल निषाद, अंकित यादव, हेमंत साहू, पिंटू निषाद, दल्लू निषाद, राकेश साहू, मनोज वर्मा, हेमंत निषाद, सोनू साहू, आर्यन निषाद सहित टीम के पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

### लिफ्ट का झांसा देकर रकम ले उड़े युवक

**भिलाई।** अज्ञात युवकों ने झपटमार कर रकम लेकर फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि तर्रीघाट निवासी रेवती बाई कुर्रे ने शिकायत की है कि वो 27 मार्च की दोपहर को पाटन इंडियन बैंक रकम निकलाने आई थी। बैंक से 4 हजार रुपए निकाल कर घर वापस तर्रीघाट जाने के लिए निकली। पाटन पहुंचने पर अज्ञात बाइक सवार दो युवक खड़े मिले। लिफ्ट देकर युवको ने घर छोड़ने का झांसा दिया।

# शहर में भारी वाहनों की एंट्री पर लगेगा प्रतिबंध, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने प्रशासन का फैसला

## बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव, जाम की समस्या और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए नगर प्रशासन ने बड़ा और सख्त निर्णय लिया है। अब शहर की सीमा के भीतर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इस फैसले को लेकर प्रशासनिक और जनप्रतिनिधि स्तर पर सहमति बनने के बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। शहर के प्रमुख मार्गों पर दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही से आम नागरिकों को जाम, धूल- प्रदूषण और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा था। विशेष रूप से स्कूल, बाजार और अस्पताल क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका, यातायात विभाग, पीडब्ल्यूडी, व्यापारी संघ और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया। बैठक में प्रशासन ने कहा जल्द ही भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग (डायवर्जन) और समय-सीमा निर्धारित की जाएगी, ताकि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित न हो। रात के समय या निर्धारित स्लॉट में ही भारी वाहनों को प्रवेश की अनुमति दिए जाने पर भी विचार किया जा रहा है। इस निर्णय के लागू होने से मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम में कमी आएगी ,सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण होगा बाजार क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा स्कूली बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी इस महत्वपूर्ण निर्णय में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, यातायात प्रभारी खलको, पीडब्ल्यूडी अधिकारी, व्यापारी संघ के पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही।

- वैकल्पिक मार्ग और समय-सीमा तय होगी



### उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

सभी ने शहरहित में एकजुट होकर इस फैसले का समर्थन किया। इस दौरान प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियम लागू होने के बाद उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए विशेष निगरानी टीम भी गठित की जा सकती है। इस अवसर पर नगर पालिका मुख्य अधिकारी नरेश वर्मा, सभापति गौरव साहू, आरटीओ भगत सिंह, तहसीलदार जयती पटेल, थाना प्रभारी गवाला यादव सहित केशव मोटवानी, चंदन सोनी, काके तेजवानी, राघवेन्द्र सिन्हा, गोलू साहू, उमेश साहू, पूना सिन्हा सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं ड्राइवर संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

## आयोजन : सम्मेलन में 82 स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का सम्मान

# स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण ही आज देश आज़ाद है: नेता प्रतिपक्ष चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संघ द्वारा सेनानी परिवारों का जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय टाउन हॉल में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन शामिल हुए और अपने पूर्वजों के योगदान को याद करते हुए भावुक क्षण देखने को मिले।

- शहीदों के त्याग को याद किया
- सेनानी परिवार प्रेरणा का स्रोत : विधायक संगीता

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत रहे, जबकि अध्यक्षता प्रहलाद रजक अध्यक्ष छ्ग शासन रजककार बोर्ड, विधायक सावित्री मंडावी भानुप्रतापपुर, पूर्व केबिनेट मंत्री जय सिँह अग्रवाल, व पूर्व विधायक डॉ जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सम्मेलन के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 82 स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके त्याग, बलिदान और देशभक्ति को नमन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. चरणदास महंत ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के कारण ही आज देश आज़ाद है। उनके संघर्ष और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को देशभक्ति और इतिहास से जोड़ने का कार्य करते हैं।

वहीं विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी परिवार समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उनके योगदान को सम्मान देना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए सेनानियों के योगदान को याद किया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। पूरे आयोजन के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा और उपस्थित लोग भावुक होकर अपने पूर्वजों की स्मृतियों में खोए नजर आए।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक जनों मे स्वतन्त्रता सेनानी उत्तराधिकारी सस्था अध्यक्ष डॉ शिरीष शर्मा, किरण केयूर भूषण मिश्रा, प्रभात केयूर भूषण मिश्र, राजेंद्र मिश्र, रमेश सैनिक, मोहित वर्मा, दीवाकर सोनी, जगमोहन वर्मा, देवेंद्र साहू, लीलाराम साहू, देवचरण साहू, सुमिरनदास साहू, धनंजय धर दीवान, ललित मिश्र, अंकित मिश्र, संजय शर्मा, अन्य जिले से अरुण दूबे, राजेद्र उमाथे, कमल किशोर अग्रवाल, डॉ ऐंन के यद्धु, श्यामसुंदर अग्रवाल, अशोक ताम्रकार, अनिरुद्ध दूबे, पंडित योगेश कृष्ण तिवारी, डॉ अलोक मिश्र, चतुरदास मानिकपुरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# खड़ी वेन में लगी भीषण आग आधे घंटे में जलकर राख



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

सोमवार की शाम मुंगेली मार्ग स्थित तिलका पारा स्कूल के पास एक खड़ी वेन में अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और महज आधे घंटे के भीतर पूरी वेन जलकर राख हो गई। घटना के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और करीब 20 मिनट तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

- फायर ब्रिगेड सुविधा नहीं होने से बढ़ी परेशानी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि किसी को संभलने का मौका तक नहीं मिला। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण वे असहाय नजर आए। नगर में फायर ब्रिगेड की सुविधा नहीं होने के चलते लगभग एक घंटे तक आग की लपटें उठती रहीं और लोग केवल तमाशबीन बनकर खड़े रहे। आग लगने का कारण खबर लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

### सोलर हाईमास्ट के पैनल गायब, अंधेरे में डूबा इलाका

एक ओर आग की घटना ने लोगों को झकझोर दिया, वहीं दूसरी ओर नवागढ़ की सड़कों पर पसरा अंधेरा भी चिंता का बड़ा कारण बन चुका है। चार साल पहले क्रेडा द्वारा शक्ति मंदिर के पास तत्कालीन संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे की अनुशंसा पर हाईमास्ट सोलर लाइट लगाई गई थी, ताकि क्षेत्र में रोशनी की बेहतर व्यवस्था हो सके। लेकिन वर्तमान हालात हैरान करने वाले हैं इस हाईमास्ट के अधिकांश सोलर पैनल गायब हो चुके हैं। जो दो पैनल बचे हैं। नतीजतन पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है, जिससे दुर्घटना और असामाजिक गतिविधियों का खतरा बढ़ गया है।

# थान खम्हरिया बाजार में नकली नोटों का मामला उजागर

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर के प्रमुख बाजारों में नकली नोटों का संगठित नेटवर्क सक्रिय होने के संकेत मिले हैं। बीते कई महीनों से जारी इस अवैध गतिविधि ने अब गंभीर रूप ले लिया है। मंगलवार को सब्जी मंडी में एक ही सीरियल नंबर के रु 100 के 10 नोट और रु 200 के 5 नोट मिलने के बाद पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। इस खुलासे के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि नकली नोटों को सुनियोजित तरीके से भीड़ भाड़ वाले व्यावसायिक क्षेत्रों में खपाया जा रहा है। घटना उस समय सामने आई जब सब्जी मंडी के व्यवसायी छेदू सिन्हा, कचरू निर्मलकर और विश्वनाथ सिन्हा के गल्ले में फुटकर व्यापारियों द्वारा दिए गए पैसों में जाली नोट पाए गए। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि कुछ अन्य फुटकर सब्जी विक्रेताओं के पास भी संदिग्ध नोट मौजूद हैं। इससे यह आशंका हकीकत में बदल गई कि नगर के बाजारों में नकली नोटों की खपत लगातार बढ़ रही है।



- सब्जी मंडी में एक ही सीरियल नंबर के नोट मिलने से हड़कंप, संगठित गिरोह की आशंका

### सिर्फ सब्जी मंडी नहीं, पूरे बाजार में फैला नेटवर्क

व्यापारियों ने आशंका जताई कि नकली नोटों का दायरा अब केवल सब्जी मंडी तक सीमित नहीं रहा। शराब दुकानों, किराना स्टोर्स, कपड़ा दुकानों और अनाज व्यापारियों के गल्लों में भी ऐसे नोट मिल रहे हैं। इससे यह संकेत मिल रहा है कि कोई संगठित गिरोह सुनियोजित रणनीति के तहत भीड़भाड़ वाले स्थानों को निशाना बनाकर नकली नोट बाजार में उतार रहा है।

### 10 साल बाद फिर लौटे जाली नोट

गौरतलब है कि लगभग एक दशक पूर्व भी थान खम्हरिया में बड़े पैमाने पर नकली नोटों का मामला सामने आया था, लेकिन उस समय ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी। अब एक बार फिर उसी तरह की गतिविधियां सामने आने से व्यापारियों में चिंता और आक्रोश दोनों बढ़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि समय रहते कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बाजार की विश्वसनीयता पर भी असर पड़ेगा।

### पुलिस से शिकायत, गिरोह का पर्दाफाश करने की मांग

मामले की गंभीरता को देखते हुए सब्जी मंडी संचालक छेदू सिन्हा और कचरू निर्मलकर ने थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा से मुलाकात कर पूरे नेटवर्क की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने व्यापारियों से सतर्क रहने, नोटों की जांच करने और संदिग्ध गतिविधियों की तत्काल सूचना देने की अपील की है। मिली जानकारी के अनुसार ये नकली नोट देखने में पूरी तरह असली जैसे प्रतीत होते हैं। यह साधारण फोटोकॉपी नहीं बल्कि उच्च गुणवत्ता के प्रिंटेड नोट हैं, जिनमें मामूली तकनीकी खामियां पाई गई हैं। इसी कारण आम व्यापारियों के लिए इन्हें पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। बहरहाल थान खम्हरिया के बाजार में नकली नोटों का प्रचलन अब एक संगठित अपराध का रूप तो लेता जा रहा है। यदि प्रशासन और पुलिस ने जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की, तो यह समस्या व्यापक आर्थिक नुकसान और आम जनता के विश्वास पर गहरा असर डाल सकती है।

# ठेलका समिति में चना खरीदी का शुभारंभ

**साजा।** ब्लॉक के सेवा सहकारी समिति ठेलका में केंद्र सरकार के पीएम आशा अभियान के तहत प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत 1 किसान से 6 क्विंटल चना उपार्जन कर रबी वर्ष 2025-26 के चना खरीदी कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष पूरनलाल साहू, कांपा सोसायटी अध्यक्ष तोषु वर्मा, घोटवानी समिति अध्यक्ष लेखराम साहू, क्षेत्र के कृषि कृषि विकास अधिकारी शशि शेखर साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भानु देवागन एवं समिति के अन्य कर्मचारी व भाजपा मंडल साजा मीडिया प्रभारी दाऊराम साहू, किसान धनराज साहू, अनुज साहू, राजकुमार वर्मा, नारद साहू व अन्य कृषक उपस्थित थे।



# जनदर्शन में आमजन की सुनी गई समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं गई। आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर गुड्डूलाल जगत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिससे जनदर्शन की प्रक्रिया सुचारू एवं प्रभावी रही।

- शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

## डायल-112 सेवा को अधिक प्रभावी बनाने दिए गए अहम निर्देश

# थानावार ईआरव्ही स्टाफ का एक दिनी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में आपातकालीन सेवाओं को और अधिक सशक्त एवं त्वरित बनाने की दिशा में पुलिस विभाग द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कार्यालय ळ में थानावार नियुक्त इमरजेंसी रिस्पॉन्स व्हीकल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- गांव-गांव तक विस्तार की तैयारी

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य डायल-112 सेवा की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, तेज और सुचारू बनाना रहा। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपातकालीन कॉल प्राप्त होते ही त्वरित और गुणवत्तापूर्ण प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से रिस्पॉन्स टाइम को कम करने, घटनास्थल पर शीघ्र पहुंच सुनिश्चित करने तथा आम नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में ड्यूटी के दौरान सतर्कता, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। साथ ही, विभिन्न आपात स्थितियों में समन्वय स्थापित कर पीड़ितों को समय पर सहायता पहुंचाने के लिए व्यवहारिक मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यशाला में ईआरव्ही स्टाफ की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जहां उन्होंने सेवा संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझा और अपने अनुभव भी साझा किए। जिले में डायल-112 सेवा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए शीघ्र ही अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नए वाहनों को शामिल किया जाएगा। इन वाहनों में जीपीएस, वायरलेस सिस्टम, डिजिटल नेविगेशन एवं लाइव लोकेशन ट्रैकिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही, विभाग द्वारा डायल-112 सेवा को गांव-गांव तक पहुंचाने की योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी त्वरित सहायता मिल सके।



इस अवसर पर डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, डीएसपी शशीकला उइके, डायल-112 प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विष्णु सप्रे सहित जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों से आए अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस की दबिश में पकड़े गए तीन सटोरिये

**भिलाई।** अलग-अलग तीन स्थानों पर नंदिनी पुलिस ने दबिश देकर तीन सटोरिया को गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अवैध रूप से जुआ सट्टा संचालित करने की जानकारी मिली थी। पुलिस ने ग्राम बानबरद, वार्ड 15 8, 3 जयस्तंभ चौक अहिवारा क्षेत्र से ग्राम बानबरद निवासी ज्ञानिक निर्मलकर, वार्ड 8 अहिवारा विश्वनाथ साहू, जयस्तंभ चौक अहिवारा करन सिंह मारकण्डे को गिरफ्तार किया गया। सटोरियों से पुलिस ने नगद रकम 41 हजार 240 रुपए, तीन मोबाइल, सट्टा पट्टी कापी पेन जब्त किया गया। कुल 67 हजार के सामान भी जब्त किए गए है।

### युवती ने लगाई फांसी

**अंजोरा।** युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस जांच में जुटी हुई है। अंजोरा पुलिस ने बताया कि ग्राम अंजोरा निवासी कुमारी केकती निषाद अपने घर में ऊपर छत में चुनरी से फांसी लगाकर अपनी जान दी। आत्महत्या के कारण परिजनों ने शारीरिक परेशानी होना बताया है। युवती सरस्वती शिक्षा मंदिर में भृत्य के पद पर काम करती थी। मृतका एक पैर से विकलांग थी।

### म्यूल खाते को लेकर पुलिस ने की कार्रवाई

**भिलाई।** म्यूल खातों का उपयोग कर साइबर ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सुपेला पुलिस द्वारा किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से जानकारी के आधार पर म्यूल खाता का उपयोग कर साइबर ठगी करने वाले खाताधारकों का शिनाख्त किया गया। पुलिस जांच के दौरान बंधन बैंक शाखा सुपेला के खातों का जांच किया गया। जिसमें बैंक खातों को जानबूझकर ऑनलाइन ठगी की रकम उपयोग करना पाया। उक्त खातों में 1.66 लाख 336 और 74 हजार 507 जमा होना पाया गया। पुलिस ने टंकी मरोदा स्कूल पारा, थाना नेवई निवासी जितेन्द्र यादव, झावेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 317(2), 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत जुर्म दर्ज किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बैंक खाते की पासबुक को अन्य व्यक्ति को धनराशि लेकर उपलब्ध कराना स्वीकार किया। साक्ष्य पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पुलिस ने दोनों के पास से बैंक पासबुक 2, बैंक खाते के दस्तावेज जब्त किए गए है।

### डायल-112 ने घायल वृद्ध को पहुंचाया अस्पताल

**भिलाई।** डॉयल 112 के पुलिस कर्मियों ने वृद्ध महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया। 2 दिनों से घर के भीतर घायल अवस्था में पड़ी महिला को बाहर निकालकर प्राथमिक सहायता दिया। टीम द्वारा तत्काल शासकीय अस्पताल उतई में भर्ती कराया उपचार के बाद घर पहुंचाया है। 28 मार्च को उतई थाना के ग्राम उमरपोटी से टीम को इवेंट आईडी 317581 मिला। वृद्ध महिला गिरकर घायल हो गई है। टीम देर न करते हुए पहुंची। एसएसपी ने डायल 112 के आरक्षक, चालक को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया गया।

### आरपीएफ ने पकड़ा 6.75 लाख का गांजा

**भिलाई।** रेलवे स्टेशन भिलाई से युवक को आरपीएफ ने पकड़ा है। उसके पास से पुलिस को गांजा से भरा बैग जब्त किया है। युवक को पुलिस ने पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने कर जेल भेज दिया है। आरपीएफ भिलाई ने बताया कि राजकोट गुजरात निवासी हाडा वनराज साबजी भाई को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी युवक के पास से एक बैग मिला है। जिसमें 7 पैकेट गांजा व पैकेटों का वजन कुल 13.504 किलो बताया गया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 6 .75 लाख 200 रुपए आंकी गई है। रेलवे पुलिस की टीम ने युवक टीम ने मौके पर ही तलाशी और जब्त कार्रवाई किया। गांजे को सील कर लिया। मामले को जीआरपी को सौंप दिया गया है। आरोपी और जब्त गांजे को शासकीय रेलवे पुलिस थाना भिलाई को सौंप दिया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट के आदेश के बाद उसे केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।


---

**घटना**

# आग से खाक हुई फसलें और मवेशी विधायक साहू ने दिए मुआवजे के निर्देश

### घटना का जायजा लेने विधायक ईश्वर साहू पहुंचे खेत-खलिहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा





विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों आगजनी की घटनाओं ने ग्रामीणों और किसानों की नींद उड़ा दी है। भीषण गर्मी के बीच खेतों में लग रही आग किसानों पर कहर बनकर टूट रही है। पिछले एक सप्ताह के भीतर देवकर, तेनदूभाठा, केशडबरी, मोहतरा, पिपरिया और गातापार सहित दर्जनों गांवों में आगजनी से भारी नुकसान हुआ है। कहीं खड़ी फसल जलकर राख हो गई, तो कहीं पैरावट और कृषि उपकरण स्वाहा हो गए।

थान खमरिया तहसील के अंतर्गत गातापार में एक मकान में आग लगी, देवकर तहसील के अंतर्गत बीते दिनों पथरी खुर्द में भी एक किसान के ट्रैक्टर सहित अन्य सामान जल गए थे। सबसे ज्यादा दर्द विधानसभा क्षेत्र के बोरी अंचल के खिलौरा खुर्द में देखने को मिला। यहां आग ने सबको झकझोर दिया, जहां फसल के साथ मवेशी भी आग में जल गए। घटना इतनी विभत्स थी कि आज किसानों का हाल जाने विधायक ईश्वर साहू खेत खलिहान पहुंचे, कई एकड़ खेत काली परत में बदल चुकी थी। किसानों के आंसू थम नहीं रहे थे। सुखी गेहूं की फसल जो काटने को तैयार थी कि अचानक आगजनी की घटना से कई एकड़ फसल खाक हो गई। घटना स्थल से विधायक ने तहसीलदार, पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरी फसल का अवलोकन कर मुआवजा जल्द से जल्द पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराया जाए। घटना स्थल पर कुछ मवेशी के अधजले शरीरों को देखकर हर लोग भावुक हो गया। विदित हो कि साजा विधानसभा 2 जिलों के साथ जुड़ा हुआ है। एक जिला बेमेतरा और दूसरा दुर्ग जिले में आता है, जिसके चलते फायर ब्रिगेड की समस्या भी लगातार बनी हुई है। खासकर साजा अंचल में नगर पंचायत के पास फायर ब्रिगेड तो है, लेकिन बंद पड़ा है और चलने वाले प्रशिक्षित नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को सही समय पर सहयोग नहीं मिल पाता, जिला मुख्यालय से गाड़ी आते तक सब कुछ खाक हो जाता है, इसे लेकर ग्रामीणों में रोष रहता है।

### जल्द काम करने लायक तैयार होगा फायर बिग्रेड : एसडीएम

हरिभूमि से चर्चा करते हुए साजा एसडीएम पिंकी मनहर ने कहा कि साजा, परपोड़ी के फायर बिग्रेड जल्द काम के लिए तैयार हो जायेगा। थान खमरिया की फायर बिग्रेड चालू है। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने का आग्रह किया। जिलाधीश के निर्देश पर कर्मचारियों को अग्निशमन वाहन चलाने के लिए ट्रेनिंग भी दी जाएगा।

---

# महिला शिखर सम्मान से सम्मानित हुईं शिक्षिका सरोज



**नवागढ़।** क्षेत्र की प्रतिभाएं अब सिर्फ गांव तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि राजधानी के मंचों पर अपनी पहचान बना रही हैं। इसी कड़ी में ग्राम धनगांव की शिक्षिका सरोज तिवारी ने शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर नवागढ़ का नाम रोशन किया है। उन्हें राजधानी में आयोजित महिला शिखर सम्मान समारोह में शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन के बैनर तले सम्पन्न हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 33 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस सम्मान ने न केवल सरोज तिवारी के कार्यों को नई पहचान दी, बल्कि पूरे नवागढ़ क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया।

सरोज तिवारी वर्तमान में वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन बेमेतरा की जिला सचिव के रूप में भी सक्रिय हैं। वे लंबे समय से शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य संवारने के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।

**सम्मान से बढ़ा नवागढ़ का मान:** इस उपलब्धि पर ब्राम्हण समाज सहित क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। लोगों ने इसे नवागढ़ के लिए गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि सरोज तिवारी जैसी महिलाएं समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, रायपुर महापौर मिलन चौबे, भाजपा प्रवक्ता शताब्दी पांडे, डिप्टी कमिश्नर पुलिस अर्चना झा एवं सहायक परियोजना अधिकारी हेमलता शर्मा उपस्थित रहीं। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, बेमेतरा अध्यक्ष कनक लता मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा, युवा अध्यक्ष अविनय दुबे, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, प्रदेश महासचिव डा. सुनील कुमार ओझा, अजय अवस्थी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा एवं प्रदेश सचिव रामकृत तिवारी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

# नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र सिद्धार्थ का प्राचार्य ने किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनित हुए सेजेस सिंघौरी के छात्र सिद्धार्थ सोनी को विद्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र सिद्धार्थ सोनी के पिता राजू सोनी और उनकी माता आरती सोनी भी उपस्थित थी।

विद्यालय का नाम रौशन करने व गौरवान्वित करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य संजय प्रसाद पयासी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कक्षा शिक्षिका और व्याख्याता दीपिका साहू ने अपने संबोधन में सिद्धार्थ की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कठिन परिश्रम कर इस लक्ष्य को प्राप्त किया है। निश्चित रूप से छात्र सिद्धार्थ आज बधाई का पात्र है। आप लोग भी इससे प्रेरणा लेकर कठिन परिश्रम कीजिए और अपने लक्ष्य को प्राप्त कीजिए। कड़ी मेहनत और परिश्रम से ही हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय में उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने सिद्धार्थ को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

# महावीर जयंती पर जियो और जीने दो का संदेश, देवकर में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर



नवयुवक मंडल देवकर इकाई द्वारा मंगलवार को महावीर जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर भगवान महावीर के "जियो और जीने दो" एवं "अहिंसा परमो धर्म" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

■ महिला मंडल के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित

कार्यक्रम के तहत सुबह महावीर चौक स्थित जैन मंदिर से बग्गी, बैंड-बाजा और साउंड के साथ भव्य प्रभात फेरी निकाली जाएगी। यह फेरी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरी बस्ती का भ्रमण करेगी और गांधी चौक में समापन होगा।

इस दौरान दोपहर 12:30 बजे गौतम प्रसादी का आयोजन किया जाएगा, वहीं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक भंडारे की व्यवस्था रहेगी। साथ ही महावीर स्वामी के जीवन पर आधारित बच्चों और महिला मंडल के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। समाज के लोगों के लिए सूर्यास्त पूर्व भोजन की व्यवस्था भी की गई है। नवयुवक मंडल जैन संगठन देवकर के पदाधिकारियों ने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर नगर में मांस बिक्री पर रोक लगाने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तहसीलदार एवं चौकी प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया है। इस आयोजन में जैन श्री संघ, भगवान विमलनाथ जिनालय मंदिर एवं नवयुवक मंडल का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

---

# उर्वरकों की कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्ती, उड़नदस्ता गठित

## गोपनीय सूचना पर भी होगी त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खरीफ 2026 सीजन में किसानों को निर्धारित मूल्य पर उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं।

■ खरीफ 2026 में किसानों को समय पर और सही दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने की पहल

उर्वरकों की कालाबाजारी, तस्करी, डायवर्सन, जमाखोरी, अधिक कीमत पर बिक्री और अमानक उर्वरकों के कारोबार पर रोक लगाने के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उर्वरकों से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या फर्म के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसमें प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। उड़नदस्ता टीम में डॉ. श्याम लाल साहू उर्वरक निरीक्षक, विकासखंड बेमेतरा नोडल अधिकारी, दिनेश कुमार धुर्वे प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी साजा सहायक नोडल, देवानंद देवांगन, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड बेरला सहायक नोडल, राकेश कुमार चतुर्वेदी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड नवागढ़ सहायक नोडल, दीपक कुमार साहू उर्वरक शाखा प्रभारी उप सहायक,कुलेश्वर सिन्हा वाहन चालक

**गोपनीय सूचना पर भी होगी त्वरित कार्रवाई:** यह टीम उर्वरकों से संबंधित शिकायतों और गोपनीय सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करेगी। साथ ही, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। टीम द्वारा की गई कार्रवाई का साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रत्येक गुरुवार को प्रस्तुत किया जाएगा और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में समन्वय बनाकर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे उर्वरकों से संबंधित किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

---

# नारायणपुर में संजीवनी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 60 युवाओं ने किया रक्तदान




**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर के पूर्व माध्यमिक शाला में रविवार को संजीवनी स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गांव एवं आसपास के क्षेत्रों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें कुल 60 युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम के दौरान सरपंच बिसाहू राम साहू ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान का कोई मूल्य नहीं होता, यह एक महादान है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से हम किसी की अमूल्य जिंदगी बचा सकते हैं, इसलिए हर व्यक्ति को समय-समय पर इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मानवता की भलाई के लिए रक्तदान अत्यंत आवश्यक है और यह हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से यह साबित होता है कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना लगातार मजबूत हो रही है।

शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं युवाओं की उपस्थिति रही। सभी ने रक्तदान के महत्व को समझते हुए इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी निभाई और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने का संकल्प लिया।

---

# वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला इकाई का आयोजन प्रतिभावान छात्राओं व महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला इकाई द्वारा प्रतिभावान छात्र सम्मान, महिला सम्मान समारोह, होली मिलन एवं मासिक बैठक का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिला सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत महिला सम्मान समारोह से हुई, जिसमें रानी दुबे, दीपा भट्ट, निवेदिता तिवारी एवं विनीता मिश्रा को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान करूणा तिवारी, शशि किरण तिवारी, चंद्रप्रभा तिवारी एवं अन्नपूर्णा दुबे द्वारा किया गया। इसके पश्चात प्रतिभावान छात्र सम्मान के अंतर्गत कुमारी इशा तिवारी को जिला अध्यक्ष कनकलता मिश्रा द्वारा शाल ओढ़ाकर, प्रशस्ति पत्र, पेन एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

■ महिला सम्मान और प्रतिभा प्रोत्साहन के साथ संपन्न हुई मासिक बैठक

इस अवसर पर समाज की बालिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। मंच संचालन शहर अध्यक्ष रानी दुबे द्वारा किया गया। आयोजन में उपस्थित महिलाओं के लिए स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था की गई थी। साथ ही होली पर्व के उपलक्ष्य में सभी महिला सदस्यों को उपहार भी वितरित किए गए। मनोरंजन के लिए रोचक खेलों का आयोजन किया गया, जिसके बाद सभी ने मिलकर फूलों की होली खेली और उत्सव का आनंद लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कनकलता मिश्रा, रानी दुबे, दीपा भट्ट, सरोज तिवारी, अन्नपूर्णा दुबे, अनु पांडे, करूणा तिवारी, निवेदिता तिवारी, शशि किरण तिवारी, विनीता मिश्रा, रिंकी पांडे, सारिका शर्मा, श्वेता तिवारी, वर्षा गौतम, लता मिश्रा, रेणु शर्मा एवं चंद्रप्रभा सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

---

# देश का सम्मान सर्वोपरि, कूटनीति में मजबूती की आवश्यकता

**साजा।** अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप वह सिस्टम वाले नेता नहीं है, वे वैसे नहीं सोचते जैसे अनुवभी राजनेता सोचते हैं। हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान और व्यवहार को लेकर भारत में चर्चा का माहौल बना हुआ है।



समाजसेवी महेन्द्र सिंह विरदी ने कहा कि उनके कुछ व्यक्तयों से भारत के सम्मान को ठेस पहुंची है। यह विषय केवल राजनीति का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की गरिमा और आत्म सम्मान से जुड़ा है। भारत एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र है, ऐसे में जब भी कोई अंतरराष्ट्रीय नेता भारत या उसके प्रति असम्मानजनक संकेत देता है, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। भारत के प्रधानमंत्री मोदीजी से देशवासियों की अपेक्षा रहती है कि वैश्विक मंचों पर भारत के सम्मान की रक्षा के लिए स्पष्ट और दृढ़ रुख अपनाये। कूटनीति में शांति और संयम जरूरी है, लेकिन जहां राष्ट्र का स्वाभिमान जुड़ा हो वहां दृढ़ता भी उतनी ही आवश्यक है। राष्ट्र का सम्मान किसी भी आर्थिक मुद्दे से ऊपर होता है। कूटनीति में शालीनता जरूरी है, लेकिन आत्मसम्मान से समझौता नहीं। करोड़ों भारतीयों की गरिमा सर्वोपरि है और इसकी रक्षा हर हाल में होनी चाहिए, देश की जनता यह जानना चाहती है क्या हम सिर्फ पेट्रोल डीजल के दामों तक सीमित रहेंगे। महंगाई एक बड़ी समस्या है और शिक्षित बेरोजगारों को काम चाहिये। पड़ोसी देश नेपाल, बांग्लादेश की हालत देखकर हमें अपने देश के लिए चिंतन करना चाहिये और देश की प्रतिष्ठा को भी उतनी ही मजबूती से बचाने का पुरजोर प्रयास होना चाहिए।

---

**गतिविधि आधारित शिक्षण व निपुण भारत लक्ष्य पर विशेष**

# एफएलएन एवं नई पाठ्यपुस्तकों पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में बेमेतरा के 6 शिक्षकों की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



एफएलएन एवं नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्राथमिक शाला शिक्षक प्रशिक्षण के लिए राज्य स्तर पर जिला स्त्रोत व्यक्तियों का पांच दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण 27 मार्च से 31 मार्च तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी), शंकर नगर रायपुर में आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में जिले के डाइट के एफएलएन प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक परसराम साहू, गिरिजा पटेल (प्रधान पाठक, शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर), यामिनी बर्मन (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला घठोली), जय कुमार मालाकार (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला चिल्फी), आशा चंदेल (प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला बालसमुंद) एवं खिलेंद्र साहू (सीएसी भिलौरी) शामिल हुए हैं। डीआरजी गिरिजा पटेल ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण में योग, प्रार्थना एवं प्रेरणा सत्रों का भी समावेश किया गया है। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से स्टेट कैरिकुलम फ्रेमवर्क, फाउंडेशन स्टेज तथा स्कूल शिक्षा के लिए राज्य पाठ्यचर्या ढांच और नवीन पाठ्य पुस्तकों पर आधारित है।

उन्होंने बताया कि पूर्व सत्र में कक्षा 1 से 3 तक की पुस्तकों में बदलाव किया गया था, जबकि इस सत्र में कक्षा 4 की पुस्तक में भी परिवर्तन किया गया है, जिस पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। प्रशिक्षण एसआरजी एवं डीआरजी द्वारा दिया जा रहा है, जिसे आगे जिला स्तर पर विकासखंड स्त्रोत व्यक्तियों और फिर जोन स्तर पर शिक्षकों को प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य नई पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं और आधुनिक शिक्षण तकनीकों से शिक्षकों को अवगत कराना है। प्रशिक्षण में गतिविधि आधारित शिक्षण, अनुभवात्मक अधिगम, कक्षा 1 से 3 तक खेल-खेल में शिक्षा तथा निपुण भारत मिशन के तहत साक्षरता और संख्याज्ञान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही कक्षा में बच्चों की सक्रिय भागीदारी, समूह कार्य एवं मूल्यांकन की नवीन विधियों पर भी चर्चा की जा रही है। गर्मी की छुट्टियों में प्राथमिक शाला शिक्षकों के लिए व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिससे सभी शिक्षक नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार कर सकें।

